चौथा संसार 7/8/2020

जल्द जारी होगी यूनिवर्सिटी में एडमिशन की गाइडलाइन

ग्रेजुएशन का रिजल्ट लेट हुआ तो दूसरे वर्ष और पांचवे सेमेस्टर के रिजल्ट को आधार बनाएंगे

इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के 10 प्रमुख टीचिंग विभागों में एडमिशन के लिए इस बार सीईटी नहीं होगी लेकिन एडमिशन की प्रक्रिया ऑनलाइन ही होगी। मेरिट के आधार पर सीट अलॉटमेंट होगा। यूजी औ? इंटीग्रेटेड कोर्स में तो 12 वी के अंकों के आधार पर एडमिशन हो जाएगा। लेकिन पीजी कोर्स में एडमिशन के लिए बीकॉम, बीए और बीएससी दूसरे वर्ष और पांचवे सेमेस्टर के अंकों के आधार पर प्रवेश होंगे।

संभावना है कि सोमवार तक यूनिवर्सिटी पूरा शेड्यूल जारी कर देगी। इसी दौरान ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएंगे। रजिस्ट्रेशन के बाद ऑनलाइन लिस्ट जारी होगी। फिलहाल यूनिवर्सिटी एडमिशन कि पूरी गाइडलाइन तैयार कर रही है। इसमें यह भी तय होगा कि यूजी और इंटीग्रेटेड कोर्स में एडमिशन के लिए 12 वी के साथ 10 वी के अंक भी जोड़े जाएंगे या नहीं। सीईटी निरस्त होने के बाद अब आईआईपीएस, आइएसएम, लॉ, इकॉनामिक्स, एसजेएमसी, स्कूल ऑफ फामेर्सी, डेटा साइंस और ईएमआरसी सहित कुल 10 विभागों के लिए मेरिट आधार पर यह प्रक्रिया होगी। इनमें एमबीए, एमएस, बीए, एलएलबी, बीकॉम ऑनर्स और एमबीए फायनेंस, मार्केटिंग सहित 40 से ज्यादा कोर्स शामिल हैं।

पिपुल्स समाचार 7/8/2020

IPSS के पूर्व छात्र ने बनाया देवी अहिल्या विवि का AI चैटबॉट

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर

मो.नं. 9993777268

कोविड महामारी की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए प्रौद्योगिकी के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में रिमोट शिक्षा की क्षमताओं को अपनाने में विश्वविद्यालय अधिक लचीले हो गए हैं।इसी प्रकार से डीएवीवी उन छात्रों के लिए संवादात्मक एआई की शुरुआत कर रहा है, जो विवि के बारे में जानने के इच्छुक हैं और विवि में एडमिशन लेना चाहते हैं।इस चैटबॉट का उद्देश्य एडमिशन के लिए ऑनलाइन वातावरण प्रदान करना और शिक्षकों, स्टाफएवं छात्रों को कोरोना महामारी से बचाने के लिए संस्था को मजबूत बनाना है।यह पहल आईआईपीएस के एलुमिनी और वर्ष 2000 के आईसी-94 बैच के छात्र रोहित बंसल द्वारा प्रो. बीके त्रिपाठी और प्रो. सुरेश पाटीदार के निर्देशन में की गई। यह संवादात्मक एआई टेक्नोलॉजी पीआईएचयू एआई द्वारा संचालित है और विशेष रूप से देवी अहिल्या यूनिर्वसिटी इंदौर के लिए बनाया गया है।मीडिया प्रभारी डॉ. चंदन गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि डीईवीआई की औपचारिक शुरुआत गुरुवार को की गई। यह एडमिशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देता है और इसमें मदद करता है। डीएवीवी द्वारा ऑफर किए गए प्रत्येक प्रोग्राम की जानकारी भी देता है। यह यूनिर्वसिटी के शैक्षणिक विभागों के बारे में, रिजल्ट, नोटिफिकेशन और अन्य कई तरह की सूचनाएं देता है।इस अधिकृत चैटबॉट को कोई भी देवी अहिल्या यूनिर्वसिटी की ऑफिशियल वेबसाइट द्वारा आसानी से उपयोग कर सकता है।

सेल्फ फाइनेंस कोर्स की डिमांड

इंदौर। कोरोना काल मे जहां प्रदेश के कुछ शहरो में सेल्फ फाइनेंस कोर्स बंद हो गए है, वही इंदौर के लिए राहत की खबर है।यहां शासकीय कॉलेजो में सेल्फ फाइनेंस (स्ववित्त) स्कीम के तहत कोर्स चल रहे है, जिसमें डिमांड बनी हुई है। बता दें कि 5 अगस्त से स्नातक पाठ्यक्रमो में ऑनलाइन जिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इंदौर के शासकीय होलकर कॉलेज, ीजाबाई और आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज हमेशा विद्यार्थियो की डिमांड में ते है। यहां एक सीट पर कई आवेदक अपना भाग्य आजमाते हैं। होलकर इंस कॉलेज में भी लगभग 20 कोर्स सेल्फ फाइनेंस से चल रहे है।